PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Dainik Bhaskar, Faridabad
Monday 4th August 2014, Page: 3
Width: 4.14 cms, Height: 12.81 cms, a4, Ref: pmin.2014-08-04.52.38

अगले दो साल में खुलेंगे 3000 जन औषधि स्टोर

नई दिल्ली| आम लोगों को जीवन रक्षक दवाएं सस्ती दरों पर उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने जन औषधि स्टोर खोलने की योजना में तेजी लाने का फैसला दिया है तथा अगले दो वर्ष में इन की संख्या 164 से बढाकर 3000 की जायेगी। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार रसायन एवं उवर्रक मंत्रालय के औषध विभाग ने आम जनता को सस्ती दर पर गैर ब्रांडेड दवाएं उपलब्ध कराने के लिए जन औषधि अभियान शुरू किया था1 फिलहाल देश में 164 जन औषधि स्टोर हैं। सरकार की योजना वर्ष 2016..17 तक 3000 और स्टोर खोलने की हैं।

अभी तक जन औषधि स्टोर अस्पताल परिसरों में ही खोले जाते थे लेकिन अब इस नीति में बदलाव किया गया है और अन्य स्थानों पर भी स्टोर खोले जा सकेंगे। पहला जन औषधि स्टोर नवंबर 2008 में अमृतसर सिविल अस्पताल परिसर में खोला गया था।

TD, NIC
6.8.14

5/8/14
Dir (MV)